>

Title: Need to repair N.H. 77 connecting Sitamarhi - Muzaffarpur district Headquarters-laid.

श्री सुनील कुमार पिंटू (सीतामढ़ी): सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर जिला मुख्यालयों को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 77 का वह भाग जो मेरे संसदीय क्षेत्र में पड़ता है विशेषकर गाढ़ा, प्रेमनगर, सुभई आदि गांवों से गुजरने वाला भाग अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है, जिससे वहां अक्सर यातायात बाधित रहता हे और सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसे शीघ्र चौड़ा कर मरम्मत किए जाने की आवश्यकता है; जैसा कि एक बहुत बड़ी आबादी इसके इर्द-गिर्द बसती है और यह देश-विदेश के व्यापार केन्द्रों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों में से एक है।